JAGRAN

Josh

your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा 2008 :
हिन्दी रचना (सामान्य हिन्दी और निबन्ध)

# 2008

# RCS-27

## हिन्दी रचना (सामान्य हिन्दी और निबन्ध)

## Hindi Composition (General Hindi and Essay)

**निर्धारित समय : तीन घंटे]** **[पूर्णांक : 100**

**Time allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 100**

**नोट** : प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके आगे अंकित हैं ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर लगभग 1000 शब्दों का निबन्ध लिखिए : 30
   (क) भारतमाता ग्रामवासिनी ।
   (ख) काले धन की समस्या ।
   (ग) आरक्षण का औचित्य ।
   (घ) पर्यावरण-प्रदूषण ।
   (ङ) "राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूँगा है ।"

2. कुसंग का ज्वर या ज्वार सर्वाधिक भयावह होता है । वह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही विनाश नहीं करता , बल्कि शुद्धि एवं बुद्धि का भी क्षरण करता है । किसी युवा की संगति प्रदूषित होगी तो वह उसके पैरों में बँधी शिला के समान होगी, जो उसे उबरने और उभरने नहीं देगी, प्रत्युत क्षण-प्रतिक्षण उसे गुरू-गह्वर में गिराती-धँसाती जाएगी और यदि यह संगति सुसंगति होगी तो उसे ऊर्ध्व दिशा में बढ़ने का संबल बन जाएगी; साथ ही उसको सुदृढ़ आधार फलक प्रदान करके अध्वर्यु-यूप सिद्ध होगी । व्यक्ति का योगक्षेत्र और उसकी सतत क्रमोन्नति उसकी संगति पर निर्भर है ।
   (अ) इस गद्यांश का संक्षेप में भावार्थ स्पष्ट कीजिए । 03
   (ब) रेखांकित वाक्यों की व्याख्या कीजिए । 05
   (स) इस गद्यांश के लिए सर्वोपयुक्त शीर्षक सुझाइए । 02

3. निम्नलिखित गद्यांश में आवश्यक स्थानों पर विरामचिह्न लगाइए : 05
   यह कैसा प्रपंच है पूरा समाज समूचा राष्ट्र बल्कि समस्त विश्व इस विभीषिका से बल्कि मानव प्रजाति के आसन्न अस्तित्व संकट से ग्रस्त-त्रस्त है और आप कर्मण्येवाधिकारस्ते से वंचित हैं

4. निम्नलिखित शब्दों के **चार-चार** पर्यायवाची शब्द लिखिए : 05
   बहिन, रात्रि, शिक्षक, वृक्ष, साँप

5. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : 05
अजिर, अस्तेय, आतिथेय, असन, जिजीविषा

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 05
अति, इति, ग्रहण, सरल, निरामिष

7. निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 05
(क) जो वेतन लिये बिना कार्य कर रहा हो ।
(ख) जो किसी की एवजी में कार्य कर रहा हो ।
(ग) जो उस पद पर होने के कारण किसी कार्य में रत हो ।
(घ) जो कुछ समय के लिए नियुक्त किया गया हो ।
(ङ) जो आधी अवधि तक काम करता है ।

8. उर्दू के **पाँच** प्रत्ययों से बने **दो-दो** शब्द लिखिए । 05

9. निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 05
देवर, भतीजा, ससुर, सौत, जेठ

10. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 05
(क) उन्होंने मुस्कुरा दिया ।
(ख) दर्शक गणों से अनुरोध है ।
(ग) घड़ी में कितना बजा है ?
(घ) मुझे संतोष अनुभव हो रहा है ।
(ङ) वे चुप लगा गये ।

11. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ स्पष्ट करते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 10
(क) खाक छानना ।
(ख) पौ बारह होना ।
(ग) हथेली पर सरसों उगाना ।
(घ) लोहे के चने चबाना ।
(ङ) घाट-घाट का पानी पीना ।

12. अपनी कालोनी की मार्ग प्रकाश-व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारी को 300 शब्दों में एक आवेदन पत्र लिखिए । 10
(इस पत्र में अपना तथा किसी पदाधिकारी या व्यक्ति का नाम, अनुक्रमांक, पता आदि न लिखें)